पेज थ्री देहरादून

जरूरतमंद परिवारों को राशन वितरित करते हुए कांग्रेस नेता गोदावरी थापली।



देहरादून, रविवार 4 जुलाई 2021

# हमारा दून



## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 10 जुलाई को

**संवाददाता** देहरादून। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशानुसार जनपद देहरादून के विभिन्न न्यायालयों में लम्बित वादों की संख्या को कम करने हेतु एवं पक्षकारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में वादों के निस्तारण हेतु लोक अदालतों का आयोजन समय–समय पर किया जाता है। देहरादून की समस्त न्यायालयों में समस्त प्रकृति के मुकदमों का सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारण किये जाने हेतु दिनांक 10 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

### पूर्व सीएम त्रिवेन्द्र के कार्यालय में बंटी मिठाइयां

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा विधायक दल की बैठक से पहले पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत के दफ्तर की जो तस्वीर देखने को मिल रही थी, उससे ऐसा लग रहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत एक बार फिर उत्तराखंड की कमान संभालने जा रहे हैं। त्रिवेंद्र सिंह रावत के दफ्तर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत का मुंह मीठा कराया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया है। पूर्व मुख्यमंत्री के आवास पर सुबह से ही कार्यकर्ताओं का तांता लगा हुआ था।

### तीर्थयात्रियों को मिलेगी पर्यटन सुविधाएं

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना काल में राज्य के पर्यटन विभाग के लिए एक अच्छी खबर आई है। भारत सरकार ने गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 54 करोड़ 35 लाख 60 हजार रुपए की धनराशि स्वीकृत की है। गंगोत्री धाम में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 17 करोड़ रुपए जबकि यमुनोत्री धाम में पर्यटन सुविधाओं एवं अवस्थापनाओ के विकास के लिए 34 करोड रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस परियोजना के संबंध में 2 हफ्ते पहले ही माननीय मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने केंद्रीय पर्यटन मंत्री प्रहलाद पटेल से दिल्ली में भेंट वार्ता की थी।

### रामदेव कू के जरिए लोगों को बता रहे योग के फायदे

**संवाददाता** देहरादून। योग गुरू बाबा रामदेव स्वदेसी अपनाओं के नारे के बीच देसी माइक्रो–ब्लॉगिंग ऐप कू से जुड़ गए हैं बाबा रामदेव ने कू ऐप पर अपना ऑफिशियल अकाउंट एक्टिवेट कर दिया है अब आम लोगों से स्थानीय भाषा में जुड़ने और बात करने के लिए कू ऐप का इस्तेमाल करेंगे कू ऐप पर यूजर्स बाबा रामदेव का हैंडल @swamiramdev के नाम से है। कू पर जुड़ चुके हैं 40 हजार से ज्यादा फॉलोअर्स।

# धामी उत्तराखंड के अबतक के सबसे कम उम्र के मुख्यमंत्री बनेंगे

■ धामी ऊधम सिंह नगर के खटीमा विधानसभा सीट से हैं विधायक

■ वह भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं

**पहचान**

**संवाददाता**

देहरादून। पुष्कर सिंह धामी उत्तराखंड के नए मुख्यमंत्री होंगे। शनिवार को उन्हें बीजेपी विधायक दल का नेता चुना गया। एक दिन पहले ही तीरथ सिंह रावत ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया था। वह खटीमा से विधायक हैं।

**उत्तराखंड के अबतक के सबसे युवा मुख्यमंत्रीः** पुष्कर सिंह धामी उत्तराखंड के 11वें मुख्यमंत्री होंगे। 45 साल के धामी सूबे के अबतक के सबसे युवा सीएम होंगे।

**भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं:** वह भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। बीजेपी के युवा कार्यकर्ताओं पर उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है। उन्हें मुख्यमंत्री बनाए जाने के पीछे बीजेपी की एक रणनीति युवा वोटरों को साधने की भी हो सकती है।



**खटीमा से लगातार दूसरी बार विधायकः** धामी ऊधमसिंह नगर जिले की खटीमा विधानसभा सीट से लगातार दूसरी बार विधायक हैं।

**भगत सिंह कोश्यारी के करीबी** धामी को उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी का करीबी माना जाता है। कोश्यारी अब सक्रिय राजनीति में नहीं हैं और फिलहाल महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं।

**पिथौरागढ़ में जन्म लेकिन खटीमा कर्मभूमिः** धामी का जन्म पिथौरागढ़ के कनालीछीना में हुआ था। उनके पिता सेना में सूबेदार थे। धामी भले ही पिथौरागढ़ के हों लेकिन वह खटीमा को अपनी कर्मभूमि बताते हैं।

**दूसरी बार विधायक से सीएम की कुर्सी तकः** पुष्कर सिंह धामी 2012 में पहली बार खटीमा सीट से विधायक बने। उन्होंने तब कांग्रेस के देवेंद्र चंद को करीब 5 हजार वोटों से अंतर से हराया था। 2017 के उत्तराखंड विधानसभा चुनाव में धामी ने खटीमा से लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की।

इस बार उन्होंने कांग्रेस के भुवन चंद्र कापड़ी को 3 हजार से कम अंतर से हराया। अब वह उत्तराखंड के 11वें मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं।

### राजनीतिक जीवन

सन 1990 से 1999 तक जिले से लेकर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में विभिन्न पदों में रहकर विद्यार्थी परिषद में कार्य किया है। इसी दौरान अलग–अलग दायित्वों के साथ–साथ प्रदेश मंत्री के तौर पर लखनऊ में हुये अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय सम्मेलन में संयोजक एवं संचालन कर प्रमुख भूमिका निभाई। राज्य की भौगोलिक परिस्थियों को नजदीक से समझते हुए क्षेत्रीय समस्याओं की समझ और उत्तराखंड राज्य गठन के बाद पूर्व मुख्यमंत्री के साथ एक अनुभवी सलाहकार के रूप में 2002 तक कार्य किया। दो बार भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए सन 2002 से 2008 तक छः वर्षो तक लगातार पूरे प्रदेश में जगह–जगह भ्रमण कर युवा बेरोजगार को संगठित करके अनेकों विशाल रैलियां और सम्मेलन आयोजित किए। धामी को बचपन से ही स्काउट गाइड, एनसीसी, एनएसएस आदि शाखाओं में प्रतिभाग और समाजिक कार्यो को करने की भावना रही।

# सफाई कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण किये जाए प्रदान

**निर्देश**

■ सफाई कर्मचारियों को दी जाने वाली सुविधाओं को लागू करने में लापरवाही न बरतेः आयोग अध्यक्ष

**संवाददाता**

देहरादून। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष बबन रावत की अध्यक्षता में बीजापुर गेस्ट हाउस में जनपद स्तर के विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ सफाई कर्मचारियों के हितों से जुड़े प्रावधानों के अनुपालन के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपाध्यक्ष ने पुलिस विभाग, नगर निगम, पंचायतीराज, समाज कल्याण विभाग, चिकित्सा विभाग, मण्डी सचिव और नगर पालिका परिषदों के अधिकारियों से सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति, उपस्थिति, नियमितीकरण, पदोन्नति तथा उनके वेतन, बीमा, सुरक्षित कार्य प्रकृति सहित मानक के अनुसार उनको दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं के इम्प्लिमेन्टेशन इत्यादि का विवरण प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि सफाई कर्मचारियों को मानक के अनुरूप दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं में किसी भी तरह की लापरवाही ना बरती जाय।



उन्होंने प्रत्येक विभाग से मानक के अनुरूप निर्धारित प्रावधानों और धरातल पर वास्तविक रूप से उसका अनुपालन की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि जो विभाग अथवा कर्मचारी सफाई कर्मचारियों के लिए सरकार द्वारा तय किये गये प्रावधानों को ठीक तरह से लागू नहीं करते उनकी जिम्मेदारी तय की जायेगी। उन्होंने निर्देश दिये कि सफाई कर्मचारियों को किसी भी तरह के सफाई कार्य करवाते समय उनको सभी प्रकार के सुरक्षा उपकरण प्रदान किये जाएं। अस्थायी तरीके से काम कर रहे सफाई कर्मचारियों के नियमितिकरण हेतु सभी विभाग शासन को प्रस्ताव प्रेषित करें। वेतन अनिवार्य रूप से सीधे खाते में निर्गत करें तथा खाता किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में हो साथ ही सभी तरह की राष्ट्रीय पेंशन व बीमा स्कीम में सम्बन्धित कर्मचारी कवर हो। सफाई कर्मचारियों हेतु ईपीएफ और ईएसआई इत्यादि के सभी प्रावधान व सुविधाएं लागू की जाय।

### बंगाल की युवती की हत्या के मामले में पिता–पुत्र गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। राजपुर थाना क्षेत्र में बंगाल की युवती की हत्या के मामले में पुलिस ने घटना में शामिल पिता–पुत्र को भी गिरफ्तार कर लिया है। युवती की हत्या के मुख्य आरोपित अंकित चौधरी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। मृतक के शव को जंगल में ले जाने के लिए अंकित ने आरोपित की कार का इस्तेमाल किया था और जिस दिन युवती की हत्या हुई थी दोनों पिता–पुत्र घटनास्थल पर ही मौजूद थे। पुलिस ने जांच के बाद अंकित चौधरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे 26 जून को गिरफ्तार किया था। अंकित चौधरी के बयानों के आधार पर सामने आया कि अनुज नारंग व उसके पिता चंद्रप्रकाश नारंग निवासी निवासी नारंग स्वीट्स अपोजिट कलेक्ट्रेट थाना सदर बाजार दिल्ली रोड सहारनपुर भी घटना में शामिल हैं। शनिवार को उन्हें देहरादून से ही गिरफ्तार किया।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।